# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष–स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.)

**E-mail—pccfwl@mp.gov.in**

**स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (STSF) के 03 शासकीय सेवकों को मिला प्रतिष्ठित**
**'वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार 2024-25'**

प्रेस विज्ञप्ती (**67/26,** दिनांक **11.09.2026)**

विश्व प्रकृति निधि (WWF-India) नई दिल्ली एवं प्रभा खेतान फाउंडेशन (PKF) कोलकाता द्वारा वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (STSF), क्षेत्रीय इकाई जबलपुर के 03 शासकीय सेवकों को 'वन्य प्राणी मित्र (VPM) अवार्ड 2024-25' से सम्मानित किया गया है।

WWF-India द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह का आयोजन भोपाल स्थित जहाँनुमा पैलेस में किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश एवं प्रभारी अधिकारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें श्री पंकज शर्मा, वनक्षेत्रपाल, श्री विपिन लाकड़ा,उप वनक्षेत्रपाल, एवं श्री संदीप कुमार तोहल, वन रक्षक, एसटीएसएफ को वन्यजीव सुरक्षा और संरक्षण के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र एवं ₹50,000-₹50,000/- (कुल एक लाख पचास हजार रुपये) की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनके निरंतर समर्पण की सराहना की।



कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मध्यप्रदेश के अंतर्गत कार्यरत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स राज्य में वन्यप्राणी अपराधों की रोकथाम और अन्वेषण (Investigation) की शीर्ष संस्था है। पुलिस विभाग की एसटीएफ, एटीएस और सीआईडी की तर्ज पर काम करने वाली इस विशेष इकाई का कार्यक्षेत्र केवल संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व व राष्ट्रीय उद्यान) तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में फैला हुआ है।

वर्ष 2008 में 'एंटीपोचिंग स्क्वाड' के रूप में स्थापित और बाद में एसटीएसएफ के रूप में पुनर्गठित इस संस्था की चार क्षेत्रीय इकाइयाँ (भोपाल, इंदौर, जबलपुर और शिवपुरी) निरंतर सक्रिय हैं। एसटीएसएफ द्वारा वन्यजीवों की सुरक्षा और तस्करी के खिलाफ किए गए असाधारण प्रयासों को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा भी 4 बार सम्मानित किया जा चुका है।

अधिकृत अधिकारी
कार्या0 प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
(कक्ष- एसटीएसएफ)
मध्यप्रदेश, भोपाल